प्रेस नोट -थाना परशुरामपुरी
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक – 22.11.2026

"थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना परशुरामपुरी के कुशल नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 20.11.2026 को वादिनी द्वारा थाना परशुरामपुरी पर लिखित तहरीर दी गई कि अभियुक्त विकास पुत्र नौखे लाल, उम्र 28 वर्ष, नि0 मोहल्ला रमजाननगर, कस्बा व थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहाँपुर, हाल नि0 काशीराम कॉलोनी, कस्बा व थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादिनी की पुत्री से जबरदस्ती बात करने एवं अपनी हरकतों से परेशान करने के कारण वादिनी की पुत्री द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। उक्त तहरीर के आधार पर थाना परशुरामपुरी पर मु0अ0सं0 555/26 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 22.11.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त विकास पुत्र नौखे लाल को गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे शाहजहाँपुर जाने वाली रोड से समय 11:30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

- विकास पुत्र नौखे लाल उम्र 28 वर्ष , नि0 मोहल्ला रमजाननगर, कस्बा व थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहाँपुर,
- हाल का नि0 काशीराम कॉलोनी, कस्बा व थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहाँपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण

1-मु0अ0स0 555/26 धारा 108 बीएनएस थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का समय व स्थानः-

दिनांक 22.11.2026, समय 11:30 बजे, गंगा एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे शाहजहाँपुर जाने वाली रोड

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. निरीक्षक अपराध श्री भानू सिंह थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर
2. हे0 का0 उवैश थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर
3. का0 आनंद थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर